भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2024
सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कन्याकुमारी के लिए पर्यटन परियोजनाएं

†2024. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पर्यटन के विकास के लिए तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विकास के लिए कितनी परियोजनाओं का चयन किया जा रहा है और उन पर विचार किया जा रहा है;

(घ) प्रत्येक परियोजना के लिए अनुमोदित की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विशेषकर कन्याकुमारी के लिए निर्धारित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन', तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन सम्बन्धी समारोहों के आयोजन के लिए भी तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने अब पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी

स्वदेश दर्शन योजना को परिवर्तित किया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में विकास हेतु मामल्लापुरम तथा नीलगिरि को चिह्नित किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु राज्य सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जाँच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा निधि की उपलब्धता के आधार पर ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

स्वदेश दर्शन (1.0), प्रशाद, केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता और डीपीपीएच योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ड.): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु में वर्ष 2016-17 के दौरान 73.13 करोड़ रु. की राशि से ''तटवर्ती परिपथ (चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपदु-कन्याकुमारी) का विकास'' परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के हिस्से के रूप में कन्याकुमारी में 12.74 करोड़ रु. के संघटक स्वीकृत किए गए। अब परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो गई है।

*******

अनुबंध

कन्याकुमारी के लिए पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2024 केभाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परिपथ | स्वीकृत वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | तटवर्ती परिपथ | 2016-17 | चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मनपाडु – कन्याकुमारी का विकास | 73.13 | 69.48 |

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2. | | वेलंकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाओं का नाम | केंद्रीय एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2012-13 | | | | | |
| 1. | तमिलनाडु | चेन्नई पोर्ट में मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 17.25 | 17.25 |
| वर्ष 2017-18 | | | | | |
| 2. | तमिलनाडु | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.70 | 3.76 |
| वर्ष 2018-19 | | | | | |
| 3. | तमिलनाडु | मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 4.48 | 3.56 |

आतिथ्य सहित घरेलू सवंर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी समारोहों के आयोजन के लिए प्रदत्त सहायता।

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और उत्सवों का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 2015-16 | मामल्लापुरम, तमिलनाडु में भारतीय | 8.00 | 8.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | नृत्य महोत्सव | | |
| | 2016-17 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य समारोह | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य समारोह | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | भारत नृत्य समारोह<br>कुमारी उत्सव<br>पर्यटन सांस्कृतिक उत्सव | 25.00<br>10.00<br>15.00 | 25.00<br>10.00<br>15.00 |
| | 2021-22 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

*******